GOVT. COLLEGE KARSOG

"विद्यया अमृतमश्नुते"

Government College Karsog

District Mandi (HP) 175011

NACC Accredited
Grade 'B'

KAMAKSHA

2023-24

Editor in Chief
Dr. Kulbhushan Sharma

Patron
Dr. Jagjit Singh Patiyal
Principal

www.gckarsog.edu.in   gckarsog-hp@nic.in   01907-222116

Editorial Board

Dr. Kulbhushan Sharma
Editor-in-Chief

Staff Editors

Ms. Anupama Sharma
English Section

Dr. Savitri Devi
Hindi Section

Dr. Lomeshwar
Science Section

Ms. Vidya Devi
Commerce Section

Dr. Prem Prakash
Planning Forum

Mr. Jai Kumar
Sanskrit Section

Mr. Bhisham Kumar
Pahari Section

Student Editors

Ms. Simran
English Section

Ms. Manisha
Hindi Section

Ms. Gargi Gupta
Science Section

Ms. Nirjala
Commerce Section

Ms. Veena Kumari
Planning Forum

Mr. Manish Kumar
Sanskrit Section

Ms. Divya
Pahari Section

Dr. Amarjeet K. Sharma
Director (Higher Education)

Directorate of Higher Education
Himachal Pradesh
Shimla-171001
Tel. : 0177-2656621
Fax: 0177-2811347
E-mail: dhe-sml-hp@gov.in

Message

It is a matter of immense delight for me to know that your college is going to publish the college magazine.

College magazine is a very useful medium for young minds to express their bristling ideas and thoughts. It gives a chance to students, the budding writers, to get the attention of others through their creative and contemporary writings. It is an essential ingredient of college regular activities and documentation of such events. The true purpose of higher education is to open the horizons for the curious young minds and to refine and polish them in such a way that they become responsible citizens of our country.

I wish your college a great future and grand success to the college magazine. I also congratulate the Editor(s) of the magazine and wish everyone all the best in their ventures.

Jai Hind.

(Dr. Amarjeet K. Sharma)

Principal
Govt. College Karsog

From the Desk of Principal

Dear students,

It gives me immense pleasure to present yet another issue of the College Magazine "Kamkasha". An analytical mind with a passion for learning leads an individual to achieve success and glory in life. In the era of privatization as well as globalization the hallmark of success is hard work. College being an institution of higher learning provides an environment to train our young boys and girls to build an effective future career. College Magazine provides a platform to our young students to express their thoughts on various issues pertaining to academics, society, literature, etc. and ignites the young minds for the generation of constructive inputs/ideas to bring all round growth and development. I take this opportunity to compliment the Editor-in-chief as well as the entire team of Editorial Board in their endeavour in bringing out the issue of the magazine.

Dr. Jagjit Singh Patyal
Principal

Govt. College Karsog

From the Desk of Editor-in-Chief

"If you want to change the world, pick up you pen and write." -Martin Luther.

Greetings to all the stakeholders of the college!

It is a moment of pleasure for me to present the issue of college magazine "Kamaksha" for 2023-24. GCK started its journey in the year 1994 with the aim of providing education to rural youths and empowering them so that they can be financially independent, socially conscious, morally upright and emotionally balanced. We as an institution have completed three cycles of National Assessment Accreditation Council (NAAC). It is, indeed, a moment of pride for all of us, that we have been accreditated thrice by NAAC. The Internal Quality Assurance Cell (IQAC) is working assiduously to improve on the quality aspects and preparing itself towards 4th cycle of accreditation by NAAC in 2029. The college has maintained its excellence in academic records and two students have been placed in the merit list.

Government College Karsog is an amalgamation of competent teachers, state-of-the-art infrastructure and an experienced and efficient Management, safe and supportive environment for its students to provide a perfect balance of academics, sports, artistic and social opportunities. Genuine concern of our institution is to ensure students emotional growth along with intellectual excellence. This empowers them to develop their self-esteem, self-awareness and self-confidence. Discipline, values and integrity are the foundation of this Institution. Our vision is to produce conscientious, confident citizens of India who will go out into the world and make us proud.

Come on, let's give our best and make this institution a modern temple of learning through our diligence, devotion and dedication.

I am thankful to my team for being supportive and dedicated to make this magazine all it can be. We expect all the students to enjoy reading the articles, poems and the literary pieces.

Best wishes!

Dr. Kulbhushan Sharma
Editor-in-Chief

NAAC PEER TEAM VISIT

ETF NATIONAL CONFERENCE AT GC KARSOG

FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME

ANNUAL PRIZE DISTRIBUTION FUNCTION

HPU YOUTH FESTIVALS

NATIONAL CADET CORPS

NATIONAL SERVICE SCHEME

ROVERS & RANGERS

SPORTS

CHRONICLE SECTION

वार्षिक प्रतिवेदन

(शैक्षणिक सत्र : 2023-24)

महाविद्यालय : ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:

अपने स्थापना वर्ष 1994 से लेकर आज तक अपने 29 साल के सफर में महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। करसोग महाविद्यालय की उपलब्धियां इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज हैं। महाविद्यालय की स्थापना के समय छात्रों की संख्या केवल 187 थी जो वर्तमान में 2067 हो गयी है। विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। महाविद्यालय ने न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की है अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भी प्रयास किया है। वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान व् वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और राजनीति शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाओं का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र (IGNOU) के अंतर्गत विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनेक विद्यार्थी शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। महाविद्यालय में आधुनिक समय की मांग को समझते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्यौगिक विभाग द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध है और कंप्यूटर साइंस का कोर्स भी विद्यार्थियों के लिए प्रारम्भ किया गया है जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS):

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2013-1 4 से स्नातक स्तर पर CBCS एवं सत्र प्रणाली लागू की है। वर्तमान में महाविद्यालय में CBCS के अंतर्गत स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली की कक्षाएं तीनों संकायों में सामान रूप से चल रही हैं। इसके अलावा स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी, हिंदी और राजनीतिक शास्त्र विषयों में भी शिक्षा प्रदान की जा रही है।

कार्यग्रहण, नियुक्तियां, स्थानांतरण एवं रिक्तियां:

स्थानांतरण एवं कार्यग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत कुछ लोग महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर अन्य संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए हैं:-

क्रम	नाम	पद
1.	डॉ० जगजीत सिंह पटियाल	प्राचार्य
2.	डॉ० दायक राम	सह आचार्य (राजनीतिक विज्ञान)
3.	डॉ० कुलभूषण शर्मा	सहायक आचार्य, (अंग्रेजी)
4.	प्रो० जय कुमार	सहायक आचार्य (हिंदी)
5.	प्रो० अनुपमा शर्मा	सहायक आचार्य (अंग्रेजी)
6.	डॉ० ओम प्रकाश कौशल	सहायक आचार्य, (संगीत गायन)
7.	प्रो० सुनीता कुमारी	सहायक आचार्य, (अंग्रेजी)
8.	डॉ० वीरेंद्र	सहायक आचार्य, (भौतिक विज्ञान)
9.	प्रो० रीना देवी	सहायक आचार्य, (इतिहास)
10.	प्रो० रेणुका शर्मा	सहायक आचार्य, (रसायन विज्ञान)
11.	प्रो० गौरव ठाकुर	सहायक आचार्य, (भूगोल)
12.	प्रो० दिनेश कुमार	सहायक आचार्य, (संगीत वाद्य)
13.	प्रो० रितेश कुमार	सहायक आचार्य, (राजनीतिक शास्त्र)
14.	प्रो० हितेश शर्मा	सहायक आचार्य, (गणित)
15.	प्रो० पुष्पा देवी	सहायक आचार्य, (राजनीतिक विज्ञान)

16.	प्रो० मालविंदर	सहायक आचार्य, (लोक प्रशासन)
17.	प्रो० सतीश कुमार	हायक आचार्य,(वाणिज्य)
18.	श्री ठाकुर सेन	वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक
19.	श्री देश राज	वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक
20.	श्री योगेश शर्मा	लिपिक
21.	श्री राकेश कुमार	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
22.	श्री यशवंत सिंह	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
23.	श्री गुलाब सिंह	लिपिक
24.	श्रीमती राधा देवी	सेवादार

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से निम्न सदस्यों का स्थानांतरण हुआ:-

क्रम	नाम	पद नाम
1.	डॉ० दायक राम	सह आचार्य (राजनीतिक विज्ञान)
2.	डॉ० लीला धर	सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग
3.	प्रो० डालिम कुमार	सहायक आचार्य, हिंदी
4.	श्रीमती रीना देवी	सहायक आचार्य, इतिहास
5.	श्री मालविंदर	सहायक आचार्य, लोक प्रशासन
6.	श्री नन्द किशोर	अधीक्षक ग्रेड 2
7.	श्री शेर सिंह	वरिष्ठ सहायक
8.	श्री केशव राम	कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक
9.	श्री उमा दत्त	वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक
10.	श्री सोहन लाल	कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक
11.	श्री योगेश शर्मा	लिपिक
12.	श्रीमती गुलाबी देवी	सेवादार

महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कुल 35 पदों में से 21 पद कला संकाय, 11 पद विज्ञान व 3 पद वाणिज्य विभाग के स्वीकृत हैं। कला संकाय में 22 पदों में से 19 पद भरे गये हैं, शेष 3 पद रिक्त हैं। विज्ञान संकाय में 11 पदों में से 10 पद भरे गये हैं, शेष 1 पद रिक्त हैं। वाणिज्य संकाय में सभी पद भरें हैं। गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के 25 पदों में 19 पद भरे गये हैं, शेष 6 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक का 1 पद, तबला वादक का 1 पद,1 पद Animal Collector व पुस्तकालयाध्यक्ष का 1 पद शामिल हैं।

केंद्रीय छात्र संघ:

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार हर सत्र में महाविद्यालय में वरीयता के आधार पर केन्द्रीय छात्र संघ के सदस्य चयनित किए जाते हैं। इस सत्र में निम्न पदाधिकारी चयनित हुए:

अध्यक्ष	रक्षा कुमारी	कला स्नातकोत्तर राजनीतिक विज्ञान
उपाध्यक्ष	कांता कुमारी	कला स्नातकोत्तर अंग्रेजी
सचिव	वंदना	विज्ञान स्नातक द्वितीय वर्ष
सहसचिव	अंशिता ठाकुर	कला स्नातक प्रथम वर्ष

विद्यार्थियों की संख्या:

वर्तमान में महाविद्यालय में 2067 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 1305 छात्राएं तथा 762 छात्र हैं। अनुसूचित जाति में 311 छात्राएं व 201 छात्र तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 50 छात्र व 64 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। महाविद्यालय में गत वर्ष का संकाय तथा कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:

Stream	Class wise/ Stream wise	General		SC		ST		OBC		Total	Total	Grand Total
	Enrollment	B	G	B	G	B	G	B	G	B	G	B/G
Arts	B.A. I	111	225	66	90	2	0	12	18	191	333	524
	B.A. II	166	235	60	106	1	1	19	23	246	365	611
	B.A. III	120	259	48	56	0	1	11	17	179	333	512
	TOTAL	**397**	**719**	**174**	**252**	**3**	**2**	**42**	**58**	**616**	**1031**	**1647**
Science	B.Sc. I	16	25	3	12	1	0	0	0	20	37	57
	B.Sc. II	12	34	0	7	0	0	1	1	13	42	55
	B.Sc. III	16	29	2	4	0	0	1	0	19	33	52
	TOTAL	**44**	**88**	**5**	**23**	**1**	**0**	**2**	**1**	**52**	**112**	**164**
Commerce	B.Com. I	12	8	5	4	0	0	1	1	18	13	31
	B.Com. II	18	13	2	7	0	0	1	0	21	20	41
	B.Com. III	21	11	4	1	0	0	1	1	26	13	39
	TOTAL	**51**	**32**	**11**	**12**	**0**	**0**	**3**	**2**	**65**	**46**	**111**
M. A.	PG Sem. I	10	47	8	12	0	0	2	0	20	59	79
	PG Sem. III	5	42	3	12	0	0	1	3	9	57	66
	TOTAL	**15**	**89**	**11**	**24**	**0**	**0**	**3**	**3**	**29**	**116**	**145**
GRAND TOTAL		**507**	**928**	**201**	**311**	**4**	**2**	**50**	**64**	**762**	**1305**	**2067**

छात्रवृत्तियाँ:

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना, इंदिरा गाँधी उत्कृष्ट छात्रवृति, प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवम आर्थिक पिछड़ा वर्ग, मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति एवं केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इस सत्र में इन छात्रवृत्ति योजनाओं के अन्तर्गत 229 विद्यार्थियों को 1954500/- रुपये प्रदान किए गए।

1.	Kalpana Chawla ChhateriVriti Yojna	73	1095000
2.	Indra Gandhi Utkrishta ChhateriVriti Yojna	1	10000
3.	PM Yasasvi Scholarship for SC	100	430000
4.	PM Yasasvi Scholarship for ST	0	0
5.	PM Yasasvi Scholarship for OBC	7	30100
6.	PM Yasasvi Scholarship for OBC	18	77400
7.	Mukhya Mantri Vidyarthi Kalyan Yojna	19	285000
8.	Disabilities	1	15000
9.	Central Sector Scholarship Scheme	10	12000
	TOTAL	**229**	**1954500**

वार्षिक परीक्षा परिणाम:

किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है। महाविद्यालय का परीक्षा - परिणाम विश्वविद्यालय के परिणामों से अपेक्षाकृत बेहतर है। गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है:

Class	College %	University %
M.A. English, Hindi, Political Science	100%	NA
B.A. 3rd year	90%	NA
B.Sc. 3rd year	86.11%	NA
B.Com. 3rd year	89.74%	NA

पुस्तकालय:

पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा होती है। अतः पुस्तकालय की समृद्धि पर ही छात्रों का विकास निर्भर रहता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विविध विषयों से सम्बंधित 13,731 पुस्तकें उपलब्ध हैं। छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 30 पत्रिकाओं व 6 अंग्रेज़ी- हिंदी समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है।

अभिभावक - शिक्षक संघ:

इस महाविद्यालय में अभिभावक – शिक्षक संघ का विधिवत पुनर्गठन सितम्बर 9, 2023 को अभिभावक-शिक्षक संघ की मुख्य संरक्षक प्राचार्य महोदय की देख-रेख में हुआ था, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया:

अध्यक्ष	श्री कमल नयन शर्मा
उपाध्यक्ष	श्रीमती मीना वर्मा
सचिव	श्रीमती रूचि नारंग
सह सचिव	श्री कमर लाल
श्री नन्द किशोर	कोषाध्यक्ष
सलाहकार	श्रीमती बबिता ठाकुर

अभिभावक-शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न विषयों में 6 प्राध्यापकों, तबला वादक, 2 सफाई कर्मचारियों, एक सुरक्षा कर्मचारी व 1 कंप्यूटर संचालक की सेवाएं उपलब्ध करवाई गयी तथा महाविद्यालय के सृजनात्मक एवं विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शिक्षेत्तर गतिविधियाँ:

शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें। शिक्षेत्तर गतिविधियाँ शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और महाविद्यालय समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में तथा ऑनलाइन आधारित अनेक गतिविधियों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया:

महाविद्यालय की NCC/NSS/R&R इकाई द्वारा 21 जून 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें महाविद्यालय छात्र - छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।

राजकीय महाविद्यालय करसोग के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने 06.09.2023 को "प्रौद्योगिकी के माध्यम से सशक्तिकरण" विषय पर एक अंतर-विभागीय गतिविधि का आयोजन किया। गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को प्रौद्योगिकी के विभिन्न हालिया रुझानों से अवगत कराना था। कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्रों ने डिजीलॉकर, सेफ्टी ऐप्स (जैसे 112, शक्ति ऐप), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (चैट जीपीटी), गूगल एप्लिकेशन (जैसे, डॉक्स, स्लाइड, शीट्स, फॉर्म) विषय पर विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं और इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट प्रबंधन। प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों को विभिन्न ऐप्स के बारे में जागरूक किया गया जिनका उपयोग वे आपातकाल या संकट के समय में कर सकते हैं। सत्र के मध्य में डॉ० प्रियंका राणा ने "इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अनैतिक उपयोग" विषय पर अपनी प्रस्तुति दी।

कन्या छात्रावास:

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए कन्या छात्रावास की सुविधा भी है। छात्रावास में वर्तमान में छात्राओं की संख्या 19 है।

महिला प्रकोष्ट (वूमन सेल):

1. अगस्त 9, 2023 को कॉलेज वुमन सेल द्वारा छात्रा कार्यकारिणी का गठन किया गया। संयोजक रुचि नारंग द्वारा आगामी गतिविधियों का संक्षिप्त ब्योरा प्रदान किया गया।
2. सितंबर 4, 2023 को वुमन सेल (स्पर्श) के अंतर्गत छात्र-छात्रा जागरूकता हेतु मैडम गीतांजलि, डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट ऑफ पुलिस, करसोग द्वारा "सोशल मीडिया का तर्कसंगत उपयोग" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
3. दिसम्बर 1, 2023 को वुमन सेल सदस्य प्रोफेसर विद्या द्वारा छात्राओं के लिए "स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता" विषय पर लेक्चर दिया गया।
4. मार्च 5, 2024 को कॉलेज प्रांगण में महाविद्यालय प्राचार्य की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाया गया।

करियर काउंसलिंग और जॉब प्लेसमेंट सेल:

इस इकाई के समन्वयक श्री पंकज गुप्ता, सहायक आचार्य (जीव विज्ञान) है। इस सत्र में भी विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए सभी सब्जेक्ट के आचार्य के साथ मिलकर सब्जेक्ट आधारित करियर काउंसलिंग विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। करियर काउंसलिंग सेल विद्यार्थियों

को अपने करियर से संबंधित जागरूकता लाने के लिए महाविद्यालय की लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकों – पुस्तिकाओं और न्यूज़पेपर के माध्यम से जागरूकता का प्रयास करता रहा है। इस सत्र में विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए दिनांक 6 दिसंबर, 2023 को "Career opportunity in Science" विषय पर आधारित एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया जिससे 66 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

वाणिज्य परिषद:

1. सितंबर 13, 2023 को वाणिज्य परिषद समन्वयक प्रो० विद्या देवी की अध्यक्षता में वाणिज्य परिषद छात्र कार्यकारिणी का गठन करवाया गया।
2. अक्तूबर 31, 2023 को वाणिज्य विभाग द्वारा शैक्षणिक ज्ञानवर्धक हेतु अंतर-विभागीय गतिविधियों के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, प्रश्नोत्तरी एवं तात्कालिक गतिविधि इत्यादि शामिल रहे। सभी गतिविधियों के करवाने का मुख्य उद्देश्य सभी छात्राओं के ज्ञान एवं कौशल में विकास करना रहा।
3. नवंबर 21, 2023 को वाणिज्य विभाग की दो छात्राओं – ज्योति और निर्जला ने जिला स्तरीय जीएसटी प्रतियोगिता मंडी में भाग लिया।

रेड रिबन क्लब:

1. 16 सितम्बर 2023 को एक दिवसीय ओरिएंटेशन एवं एक्सपोजर विजिट क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में तीन छात्रों ने भाग लिया।
2. 1 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमें पोस्टर मेकिंग, रंगोली एवं सम्भाषण आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

साहित्य परिषद्:

महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए अप्रैल 2023 में "Teach and Reach Programme" का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें भाषा एवम् व्याकरण सम्बन्धी जानकारी व क्रियाकलाप करवाए गए। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने वाक्य विन्यास, Tenses, Voice और Narration का व्यवहारिक रूप से प्रयास किया।

महाविद्यालय साहित्य परिषद् के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ एवं सम्भाषण प्रतियोगिताएँ करवाई गई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

साहित्य परिषद् के अंतर्गत अंग्रेजी विभाग द्वारा दिनाँक 10 अक्तूबर, 2023 को भारत के विश्वविख्यात अंग्रेज़ी लेखक आर. के. नारायण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर "Remembering RK Narayan" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत काव्य-पाठ, संवाद अदायगी, पत्र वाचन और लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अंग्रेज़ी विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साहित्य के मर्म को गहन तरीके से समझने हेतु आवश्यक गुर भी सिखाए गए। विभिन्न प्रतियोगितओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी वितरित किए गए।

ड्रामेटिक क्लब द्वारा "रंगमंच कार्यशाला":

राजकीय महाविद्यालय करसोग में ड्रामेटिक क्लब द्वारा दिनाँक 15 अक्तूबर, 2023 से 15 नवम्बर, 2023 तक कार्यक्रम समन्वयक डॉ० कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेज़ी विभाग) व नरेश कुमार मिंचा के मार्गदर्शन में "रंगमंच कार्यशाला" का संचालन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के 30 युवा रंगकर्मियों को अभिनय कौशल की बारीकियों को सिखाया गया। इस कार्यशाला में अंग्रेजी साहित्य के विख्यात कवि जॉन मिल्टन के कालजयी काव्य "पैराडाइस लॉस्ट" का नाट्य रूपान्तर करते हुए नाटक मंचन किया। युवा रंगकर्मियों ने रंगकर्म को निभाते हुए महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भी अपने अभिनय का उम्दा प्रदर्शन किया। राजकीय महाविद्यालय करसोग के ड्रामेटिक क्लब के युवा रंगकर्मियों को ज़िला भाषा एवम् संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा गेयटी थिएटर में आयोजित "विंटर कार्निवाल" के अंतर्गत "हिमरंगमहोत्सव" के लिए चुना गया और इस नाट्य उत्सव के दौरान "पैराडाइज लॉस्ट" नाटक के मंचन का सुअवसर युवा रंगकर्मियों को विंटर कार्निवाल में प्राप्त हुआ।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह:

इस सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह में महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया तथा ग्रुप I, II, III तथा ग्रुप IV में क्रमशः भाग लिया।

युवा समारोह (ग्रुप - II):

राजकीय महाविद्यालय करसोग के संगीत कला मंच के विद्यार्थियों ने डॉ० ओम प्रकाश कौशल (सहायक आचार्य, संगीत विभाग), दिनेश कुमार (सहायक आचार्य, संगीत विभाग) और बालक राम (तबला वादक) के मार्गदर्शन में दिनाँक 13 नवम्बर, 2023 से 16 नवम्बर 2023 तक राजकीय महाविद्यालय रामपुर में शानदार प्रदर्शन करते हुए रोहित ने सितार वादन में तृतीय स्थान प्राप्त किया और महाविद्यालय ने "Folk Orchestra" में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

युवा समारोह (ग्रुप-IV):

राजकीय महाविद्यालय करसोग के ड्रैमेटिक क्लब के रंगकर्मियों ने डॉ० कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग), रितेश कुमार

(सहायक आचार्य, राजनीति शास्त्र विभाग) और नरेश कुमार मिंचा के मार्गदर्शन में दिनाँक 19 नवम्बर, 2023 से 23 नवम्बर, 2023 तक राजकीय महाविद्यालय सीमा (रोहड्डू) में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह ग्रुप - IV में नाटक, प्रहसन, मूक-अभिनय और मिमिक्री में भाग लिया तथा गौरव (कला स्नातकोत्तर, अंग्रेजी) द्वारा मिमिक्री में अति प्रशंसनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

"कामाक्षा" महाविद्यालय पत्रिका:

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "कामाक्षा" विद्यार्थियों की रचनात्मकता व् सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है जो अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, वाणिज्य, योजना प्रबंधन, विज्ञान और पहाड़ी विषय से सुसज्जित है। कामाक्षा पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के लिए एक सार्थक मंच है जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने मन के उदगारों को व्यक्त करते हैं। सत्र 2023-24 के लिए आचार्या/आचार्य वर्ग व छात्रा/छात्र वर्ग से निम्नलिखित मुख्य संपादक, संपादक व उप-संपादक बनाए गए:

मुख्य संपादक: डॉ० कुलभूषण शर्मा

1. अंग्रेजी अनुभाग	आचार्या संपादिका:	श्रीमती अनुपमा शर्मा
2. हिन्दी अनुभाग	आचार्या संपादिका:	डॉ० सावित्री देवी
3. संस्कृत अनुभाग	आचार्य संपादक:	श्री जय कुमार
4. योजना अनुभाग	आचार्य संपादक:	डॉ० प्रेम प्रकाश
5. वाणिज्य अनुभाग	आचार्या संपादिका:	सुश्री विद्या देवी
6. विज्ञान अनुभाग	आचार्य संपादक:	डॉ० लोमेश्वर
7. पहाड़ी अनुभाग	आचार्य संपादक:	श्री भीष्म

छात्रा/छात्र संपादक मंडल:

संपादक/संपादिका	कक्षा	अनुभाग
1. सिमरन	कला स्नातकोत्तर (अंग्रेज़ी)	अंग्रेजी
2. मनीषा	कला स्नातकोत्तर (हिन्दी)	हिन्दी
3.मुनीष	कला स्नातकोत्तर (हिन्दी)	संस्कृत
4. वीना कुमारी	कला स्नातक	योजना
5. निर्जला शर्मा	वाणिज्य स्नातक	वाणिज्य
6. गार्गी	विज्ञान स्नातक	विज्ञान
7. दिव्या	कला स्नातक	पहाड़ी

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP 2023):

महाविद्यालय में Internal Quality Assurance Cell (IQAC), के सौजन्य से दिनाँक जुलाई 3, 2023 से जुलाई 9, 2023 तक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें NAAC के विभिन्न पहलुओं पर सहायक आचार्यों द्वारा विस्तृत चर्चा तथा आगामी SSR की तैयारी की गई। इसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में NAAC के बारे में सभी को अवगत करवाना तथा आंतरिक गुणवत्ता को सुनिश्चित करना था।

NAAC Peer Team Visit और महाविद्यालय को ग्रेड "B":

राजकीय महाविद्यालय करसोग के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि दिनाँक फरवरी 9-10, 2024 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद के अंतर्गत Third Cycle में NAAC Peer Team द्वारा महाविद्यालय का दौरा किया गया तथा विभिन्न पहलुओं पर शैक्षणिक स्तर व गुणवत्ता की जांच की गई। जिसके आधार पर महाविद्यालय करसोग को ग्रेड "B" प्राप्त हुआ। इससे पूर्व NAAC Peer Team महाविद्यालय का मूल्यांकन एवं प्रत्यापन 2011 और 2018 में कर चुकी है जिसमें भी महाविद्यालय करसोग ने ग्रेड "B" अर्जित किया है।

राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन:

राजकीय महाविद्यालय करसोग अकादमिक वातावरण को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए और आचार्यों के संवर्धन हेतु संकल्पबद्ध है। महाविद्यालय करसोग के अंग्रेजी विभाग ने English Teachers' Forum (etf) के संयुक्त तत्वावधान में दिनाँक मार्च 15-16, 2024 को "Exploring the Intersections: Autobiographies, Biographies and Travel Writing in Contemporary Literature" विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर राजेश कुमार शर्मा, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला, प्रोफ़ेसर अक्षय कुमार, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, प्रोफ़ेसर रोशन लाल शर्मा, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, डॉ० जनेश कपूर, प्रोफ़ेसर प्रवीण मलिक, डॉ० नम्रता टिकू, डॉ० अनुजा राठौर शर्मा और डॉ० हेमराज बंसल ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों से आए लगभग 40 सहायक आचार्यों और शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। इस सम्मेलन के दौरान एक काव्य संग्रह

"The ETF Mosaic : From Tabriz to Rumi's Soul" का भी विमोचन किया गया।

"जगदीश चंद्र बोस साइंस सोसायटी":

महाविद्यालय में इस क्लब का गठन वर्ष 2013 में विज्ञान के प्रचार और प्रसार के लिए में किया गया था। इस वर्ष भी जे० सी० बोस साइंस सोसायटी द्वारा "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस – 2024" पर महाविद्यालय के छात्रों के लिए 11 विभिन्न विषयों पर आधारित 11 प्रतियोगिताएं दिनांक 28 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय सभागार में करवाई गई। नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, प्रोजेक्ट मेकिंग, फ्रॉम वेस्ट, प्रोजेक्ट मेकिंग, वर्किंग मॉडल साइंस, भाषण प्रतियोगिता, हिमाचली परिधान प्रतियोगिता, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर जे० एस० पटियाल जी ने इस मेगा इवेंट में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की थी। महाविद्यालय की सोसाइटी श्री पंकज गुप्ता सहायक आचार्य (जीव विज्ञान) के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य कर रही है।

"रोड सेफ्टी क्लब":

राजकीय महाविद्यालय करसोग में रोड सेफ्टी इकाई विद्यार्थियों और महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी को रोड सेफ्टी साइन, सीट बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करना और ड्राइविंग करते समय मादक तत्वों का उपयोग न करना विषयों पर जागरूक करवाती रहती है। इस सत्र में भी 4 मार्च, 2024 को लगभग 153 विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से एस०डी०एम० ऑफिस तक रैली निकाली गई, विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन, फ्लेक्स और नारों के माध्यम से वाहन चालकों एवं सामान्य जनों को रोड सेफ्टी नियमों से जागरूक करवाया। दिनांक 4 मार्च, 2024 को विद्यार्थियों को "रोड सेफ्टी और इसके नियम" अवगत करवाने के लिए समन्वयक के द्वारा महाविद्यालय सभागार में पीपीटी प्रेजेंटेशन रोड सेफ्टी अवेयरनेस पर प्रस्तुत की गई। प्राचार्य डॉक्टर जे० एस० पटियाल जी के नेतृत्व में कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी शपथ भी दिलवाई गई। महाविद्यालय के छात्रों को जागरूक करने के लिए दिनांक 6 मार्च, 2024 को महाविद्यालय परिसर में 13 विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ "एकदिवसीय मेगा इवेंट" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर गुलशन महाजन ने शिरकत की और विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, चित्रकला, कार्टून मेकिंग, रोड सेफ्टी प्रदर्शनी, कविता पाठ, नाटक, मूक अभिनय, ट्रेडिशनल मॉडलिंग आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय में संपूर्ण वर्ष जागरूकता लाने के लिए डिजिटल डिस्पले स्क्रीन भी लगाई गई है ताकि विद्यार्थी, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग रोड सेफ्टी कानून के सन्दर्भ में जागरूकता हो सके।

एन० सी० सी०:

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय की एन०सी०सी० की इकाई का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। ANO डॉ० यमुना शर्मा के नेतृत्व में हमारे महाविद्यालय की एन०सी०सी० इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों में भाग लिया:-

1. महाविद्यालय के 23 छात्रों ने NCC "C" तथा 26 कैडेट्स ने NCC "B" सर्टिफिकेट के लिए आयोजित परीक्षा में भाग लिया।
2. महाविद्यालय के दो कैडेट चूड़ामणि और पुष्पनीत ने 21 मई से 28 मई, 2023 तक नेशनल कैंप ऑल इंडिया ट्रैकिंग expedition कैंप में भाग लिया अमरकंटक (मध्यप्रदेश) में आयोजित किया गया।
3. महाविद्यालय के चार कैडेट दीपांशु ठाकुर, फिज़ा ठाकुर, किरना कुमारी, निष्ठा ने 10 जून से 21जून, 2023 तक नेशनल कैंप (एक भारत श्रेष्ठ भारत) में भाग लिया मलेरकोटला (पंजाब) में आयोजित किया गया।
4. महाविद्यालय के एक कैडेट राहुल शर्मा ने 18 जून से 23 जून, 2023 तक रॉक क्लाइंबिंग ट्रेनिंग कैंप (नैशनल कैंप) में भाग लिया। आर्मी पब्लिक स्कूल पिथौरागढ़ (पंजाब) में इसका आयोजित किया गया।
5. दिनांक 29 जून से 8 जुलाई, 2023 तक नौणी यूनिवर्सिटी (सोलन) में एटीसी कैंप (1 एचपी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी सोलन) द्वारा आयोजित किया गया। इसमें 50 कैडेट्स ने भाग लिया जिसमे की ड्रिल कंपटीशन में प्रथम स्थान सीनियर अंडर ऑफिसर महिमा ठाकुर और सीनियर अंडर ऑफिसर पुष्पनीत ने प्राप्त किया और द्वितीय स्थान अंडर ऑफिसर उमेश कुमार और अंडर ऑफिसर बनिता ने प्राप्त किया।
6. महाविद्यालय के तीन कैडेट कल्पना कुमारी, नेहा कुमारी, वंशिता ने 7 अगस्त से 17 अगस्त, 2023 तक थल सेना कैंप (नैशनल कैंप) में भाग लिया, जो कि 23 पंजाब बटालियन एन०सी०सी० रूपनगर (पंजाब) में आयोजित किया गया था।
7. महाविद्यालय के दो कैडेट अंडर ऑफिसर उमेश कुमार और कैडेट रितिका ठाकुर ने 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक (सी०ए०सी०) कैंप में भाग लिया जो कि 1 एचपी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी सोलन द्वारा वी०पी०टी०ई० कोटला बरोग (सिरमौर) में आयोजित किया गया था।
8. महाविद्यालय के एक कैडेट तिग्मांशु ने 9 दिसंबर से 18 दिसंबर, 2023 तक रॉक क्लाइंबिंग ट्रेनिंग कैंप (नैशनल कैंप) में भाग लिया जो कि (गुजरात) में आयोजित किया गया था।
9. महाविद्यालय के दो कैडेट रोहन मेहता, अंडर ऑफिसर उमेश कुमार ने 17 दिसंबर से 28 दिसंबर, 2023 तक (नेशनल कैंप) आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया जो कि (15 कुमाऊं इंदौर पठानकोट) में आयोजित किया गया था।
10. महाविद्यालय के 45 कैडेट ने 18 जनवरी से 27 जनवरी, 2024 तक (स्टेट आर०डी०सी०) कैंप में भाग लिया जिसमें से 12 कैडेट रिज मैदान परेड

के लिए चयनित किए गए। यह कैंप (7 एचपी इंडिपेंडेंस कंपनी एन०सी०सी० शिमला) द्वारा आयोजित किया गया था।

11. महाविद्यालय की रितिका ठाकुर ने जनवरी 2024 में आर०डी०सी० कैंप में भाग लिया था जो की नई दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें पूरे इंडिया के 1500 कैडेटों ने भाग लिया था, जिसमें से रितिका ठाकुर एक थी। रितिका ठाकुर ने 6 कैंप लगाए जिसमें एक कैंप 10 दिन का था, रितिका 6 कैंप को पार करके रिपब्लिक डे कैंप (दिल्ली) तक पहुंची और (कर्त्तव्यपथ) में हिस्सा लिया। कैडेट रितिका ठाकुर (90) दिन तक अपने घर वालों से दूर रही। अपनी कड़ी मेहनत और दृढनिश्चय के कारण उन्होंने ये मुकाम हासिल किया। ये महाविद्यालय करसोग व एन०सी०सी० यूनिट करसोग के लिए गर्व की बात है।

मान्यवर! महाविद्यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि हमारे कैडेट्स रमन, सचिन, परमार का चयन भारतीय सेना के लिए हुआ। हमारे कैडेट्स ने जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा स्वतंत्रता दिवस परेड में भी भाग लिया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के सौंदर्यकरण, जागरूकता, पौधारोपण व अन्य गतिविधियों में भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया इस सत्र का कार्य इस प्रकार से है:-

1. महाविद्यालय में स्वयंसेवियो ने 1 जून, 2023 को पर्यावरण संरक्षण हेतु 'वाटर सेविंग' थीम के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करवाया।
2. स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु 2 जून, 2023 को 'अडॉप्टिंग हेल्दी लाइफ़स्टाइल' थीम के माध्यम से एक अच्छे सेहत को बनाए रखने हेतु युवा पीढ़ी को जागरूक करवाया।
3. स्वयंसेवियो ने 3 जून, 2023 को 'एनर्जी सेविंग' थीम के माध्यम से लोगों को जागरूक करवाया।
4. दिनांक 5 जून, 2023 को महाविद्यालय की एन०एस०एस० इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर प्रकृति के बचाव हेतु पौधे लगाए और प्लास्टिक का निपटारा करने का प्रयास किया।
5. दिनांक 5 जून, 2023 को स्वयंसेवियों ने प्रयोग में न आने वाले लिफाफे तथा अन्य पैकेट से कुछ पैकेट बनाएं जो उन्होंने दुकानदारों को दिए और साथ ही प्लास्टिक उपयोग न करने की सलाह दी।
6. दिनांक 7 जून, 2023 को महाविद्यालय की एन०एस०एस० इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा 'इ-वेस्ट हैंडलिंग' थीम के माध्यम से बच्ची हुई चीजों से अनेक वस्तुओं को बनाया।
7. दिनांक 9 जून, 2023 से दिनांक 21 जून, 2023 तक महाविद्यालय की एन०एस०एस० इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर 'योग से ही सब होगा' थीम के माध्यम से एक माह तक जागरूक करवाया।
8. दिनांक 27 जून, 2023 को स्वयंसेवियों ने 'मेरी माटी मेरा देश धरती का संवर्धन' नामक कार्यक्रम थीम के माध्यम से बनौणी महादेव नामक वन में जाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।
9. 12 अगस्त, 2023 को महाविद्यालय में विश्व सपूतों को नमन कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने देशभक्ति गीतों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।
10. 4 सितंबर, 2023 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'वूमेन एंड सोशल मीडिया' नामक विषय पर छात्राओं के लिए वक्तव्य का आयोजित किया गया जिसमें सभी महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने भागीदारी सुनिश्चित की।
11. 13 सितंबर, 2023 को महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा जल स्रोतों की सफाई एवं स्थानीय लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।
12. 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय सभागार में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।
13. 16 सितंबर. 2023 को जोनल अस्पताल मंडी मे रेड रिबन क्लब द्वारा विशेष अभ्यास सत्र बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें राजकीय महाविद्यालय से तीन स्वयंसेवियों ने भाग लिया था।
14. 19 सितंबर, 2023 को एन०एस०एस० इकाई करसोग द्वारा डीएसपी करसोग गीतांजलि ठाकुर जी के नेतृत्व में एक गतिविधि की गई जिसका मूल उद्देश्य विद्यालय में पढ़ रहे युवाओं के मध्य जागरूकता फैलाना था। इसमें सभी स्वयंसेवियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।
15. 20 सितंबर, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना करसोग की चार स्वयंसेवियों का District Level Selection Camp के लिए चयन हुआ जिसे मंडी में आयोजित किया गया।
16. 24 सितंबर, 2023 को करसोग में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 87 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
17. 25 सितंबर, 2023 को स्वयंसेवियों ने 'वस्त्र दान' नामक एक विशेष गतिविधि को गोद लिए हुए गांव सानना में जाकर किया गया। जहां पर उन्होंने

जरूरतमंद लोगों तथा बच्चों के लिए कपड़े और जूते इकट्ठे किए।

18. 27 सितंबर. 2023 को स्वच्छता सेवा अभियान के तहत स्वयंसेवियों ने पास के जंगल के मंदिर में जाकर स्वच्छता अभियान चलाया।
19. 29 सितंबर 2023 को महाविद्यालय करसोग के स्वयंसेवियों ने विश्व रेबीस दिवस के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग कंपटीशन करवाया। जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।
20. 1 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय करसोग में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' थीम के माध्यम से स्वयंसेवियों ने एक घंटे का श्रमदान किया।
21. 12 अक्तूबर, 2023 को नेहरू युवा केंद्र द्वारा महाविद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने भागीदारी सुनिश्चित की।
22. स्वयंसेवियों ने नवरात्रों के उपलक्ष्य पर नजदीक के मंदिर में माता के विशाल भंडारे में श्रमदान किया।
23. 21 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला मंडी में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लिया।
24. स्वयंसेवियों ने माहूंनाग में सात दिवसीय विशेष शिविर में छठे दिन अपना अहम योगदान दिया जिसमें हमारे महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।
25. 10 अक्तूबर, 2023 को महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने नजदीकी विद्यालयों में जाकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई जिससे सभी छात्रों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास हो सके।
26. स्वयंसेवियों ने प्रकृति की सुंदरता को बनाए रखने के लिए सुरक्षित और हरित दिवाली बनाने के लिए नजदीकी गांव में जाकर लोगों को इससे अवगत करवाया।
27. 28 नवंबर, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 27 स्वयंसेवियों ने SPU मंडी में युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लिया।
28. 1 दिसंबर, 2023 को एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।
29 महाविद्यालय करसोग के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 5 दिसंबर, 2023 को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।
30. महाविद्यालय के 6 स्वयंसेवियों का चयन जिला स्तरीय मेगा शिविर के लिए हुआ।
31. दिनांक 1 जनवरी से 7 जनवरी, 2024 तक महाविद्यालय एन०एस०एस० के स्वयंसेवियों ने नजदीकी नागरिक अस्पताल करसोग में अपनी सेवाएं दी।
32. 25 जनवरी, 2024 को स्वयंसेवियों ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग के खेल मैदान में एक विशेष शपथ ली जिसमें नव मतदाताओं ने निष्पक्षता के साथ मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रण लिया।
33. 26 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई करसोग के 16 स्वयंसेवियों ने खंडस्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के कार्यक्रम में भाग लिया।
34. दिनांक 22 फरवरी, 2024 से 28 फरवरी, 2024 तक महाविद्यालय करसोग में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

रोवर्ज एण्ड रेंजर्स (R&R):

महाविद्यालय की यह इकाई रोवर्स स्काउट लीडर्स श्री पंकज गुप्ता श्री गौरव ठाकुर और श्री हितेश शर्मा के साथ-साथ रेंजर लीडर्स श्रीमती अनुपमा शर्मा और सुश्री पुष्पा देवी के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य कर रही है। इस इकाई की सत्र 2023-24 की उपलब्धियां निम्नलिखित रही:-

1. इकाई की चार रेंजर्स और चार रोवर्स ने "भारत स्काउट एंड गाइड स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर" से दिनांक 14 से 18 जुलाई, 2023 को "स्पेशलाइज्ड कैंप ऑन स्काउटिंग स्किल्स" राज्य स्तर पर प्रथम स्थान लेते हुए उत्तीर्ण किया।
2. 14 रोवर्स और रेंजर्स ने "फ्री बीइंग मि" इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के अंतर्गत करसोग के विभिन्न स्कूलों जैसे की सरस्वती विद्या मंदिर, डे स्टार स्कूल और बी एल सेंट्रल स्कूल में दिनांक 12 से 19 जुलाई, 2023 तक विभिन्न वार्तालाप सत्रों का आयोजन किया।
3. 10 रोवर और 6 रेंजर्स ने नवरात्रों के दौरान महाविद्यालय और मुमेल मंदिर में "खीर वितरण" में अपनी सेवाएं दिनांक 24 जुलाई, 2023 को प्रदान की।
4. 17 रोवर्स और रेंजर्स ने "अखिल भारतीय सन्मत सत्संग" द्वारा बरल में आयोजित सात दिवसीय भागवत कार्यक्रम में भोजन वितरण में एक हफ्ते तक जुलाई, 2023 में सेवाएं प्रदान की।
5. महाविद्यालय की इकाई द्वारा "सब डिविजनल लीगल सेल कमेटी" के साथ संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 26 जुलाई, 2023 को बनूनी जंगल में 110

पौधों का पौधारोपण किया।

6. "विश्व स्कार्फ दिवस 2023" को महाविद्यालय परिसर में मनाते हुए यूनिट के सदस्यों द्वारा रंगोली, स्कार्फ मेकिंग प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।
7. 7 रोवर्स और 6 रेंजर्स ने "सिविल हॉस्पिटल करसोग" से "फर्स्ट एड" की ट्रेनिंग लेते हुए "एंबुलेंस मेन बेज" दिनांक 30, जुलाई से 24 अगस्त, 2023 को प्राप्त किया।
8. राज्य पुरस्कार और निपुण की तैयारी कर रहे 36 विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर के भीतर "रोवर रेंजर वाटिका" की स्थापना 22 अगस्त, 2023 को की गई।
9. 42 रोवर और रेंजर द्वारा "नारी सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण" विषय पर महाविद्यालय परिसर से "सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ऑफिस बरल तक "सामाजिक जागरूकता रैली" का सफल आयोजन दिनांक 27 अगस्त, 2023 किया गया।
10. 32 रोवर्स और रेंजर्स ने "फायर और सेफ्टी डिपार्टमेंट" से डिजास्टर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दिनांक 28 अगस्त, 2023 को उत्तीर्ण की और "सिविल डिफेंस बेज" हासिल किया।
11. 32 रोवर्स और रेंजर्स ने बनूनी जंगल में जाकर एक किलो प्लास्टिक एवं नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरा एकत्रित किया और इसका निष्पादन महाविद्यालय में किया।
12. इकाई के 16 रोवर्स और रेंजर्स ने मॉडल स्कूल, ममेल में दिनांक 13 सितंबर, 2023 को विद्यार्थियों के लिए "विशेष वार्तालाप सत्र" का आयोजन किया, जिसमें उन्हें सैनिटेशन, सेल्फ कॉन्फिडेंस बिल्डिंग और लुप्त होती जा रही परंपरागत गेम्स से अवगत करवाया।
13. 40 रोवर्स और रेंजर ने महाविद्यालय के साथ लगते काणी मंडलाह जंगल में 51 पौधों का पौधारोपण किया। इसके साथ उन्होंने "ओजोन डे 2023" के अंतर्गत "ओजोन डिप्लीशन और प्रोटेक्शन" विषय पर आधारित "सामाजिक जागरूकता रैली का आयोजन काणी मंडलाह से बरल और महाविद्यालय परिसर तक दिनांक 16 सितंबर, 2023 को किया।
14. इस वर्ष महाविद्यालय के लिए यह बहुत ही गर्व की बात रही कि महाविद्यालय की पांच रेंजर्स मोनिका, निहारिका, मासूम, शिल्पा, मीनाक्षी और महाविद्यालय के तीन रोवर्स हितेश, अजय, तेंदुल "राज्यपाल पुरस्कार" के लिए "भारत स्काउट एंड गाइड्स स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर" से दिनांक 21 से 30 सितंबर, 2023 में चयनित हुए,और इन्हें "राज्यपाल पुरस्कार" महामहिम राज्यपाल के हाथों 22 फरवरी, 2024 को शिमला में प्राप्त हुआ।
15. महाविद्यालय की आठ रेंजर्स और आठ रोवर्स ने राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप उत्तीर्ण किया जो कि भारत स्काउट एंड गाइड स्टेट ट्रेनिंग सेंटर, रिवालसर में दिनांक 27 से 30 सितंबर, 2023 को आयोजित किया गया।
16. 7 रेंजर्स और आठ रोवर्स ने माता रानी मंदिर कमेटी सनारली द्वारा आयोजित सामुदायिक भोज में दिनांक 4 से 7 अक्टूबर, 2023 में अपनी सेवाएं प्रदान की।
17. इकाई द्वारा स्काउट फेडरेशन डे महाविद्यालय परिसर में 7 नवंबर, 2023 को फ्लैग होस्टिंग और परिसर की सफाई अभियान कार्यक्रम के साथ मनाया गया।
18. 16 रोवर्स और रेंजर्स ने सब डिविजनल लेवल रिपब्लिक परेड में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल करसोग में भाग लिया तथा रोवर्स और रेंजर्स ने कार्यक्रम के दौरान ड्रग एब्यूज़ विषय पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया।
19. इकाई की पांच रेंजर्स (कनिका, तमन्ना, पुष्पा, वंदना, नीतिका) और दो रोवर्स (आदित्य और मृदुल) ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में शिमला, हिमाचल प्रदेश में हिस्सा लिया और महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
20. दिनांक 5 से 7 फरवरी, 2024 को यूनिट के सदस्यों द्वारा 91 पौधों का पौधारोपण मिट्टी के नए गमले और महाविद्यालय की वाटिका में किया गया।
21. 47 रोवर्स और रेंजर्स ने दिनांक 22 फरवरी, 2023 को "सुकेत सत्याग्रह पार्क" की सफाई "स्काउट फाऊंडेशन डे" के दिन संपूर्ण की और वहां पर पौधारोपण भी किया।
22. इकाई के 66 रोवर्स और रेंजर्स द्वारा एक दिवसीय प्रवेश टेस्टिंग कैंप में दिनांक 26 फरवरी, 2024 को भाग लिया, जिसमें 48 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की।
23. एक रेंजर और पांच रोवर्स के साथ-साथ रोवर्स स्काउट लीडर श्री पंकज गुप्ता ने भी रक्तदान शिविर में रक्तदान देकर अपना सहयोग दिया। यह शिविर महाविद्यालय में दिनांक 27 फरवरी, 2024 को आयोजित किया गया।
24. 32 रोवर्स और रेंजर्स ने रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित सामाजिक जागरूकता रैली में दिनांक 4 मार्च, 2024 को हिस्सा लिया।
25. इकाई के विद्यार्थियों द्वारा रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार अर्जित किए। इसके साथ-साथ इकाई के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में भी अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

खेलकूद गतिविधियाँ:

अध्ययन के साथ-साथ खेल-कूद गतिविधियों का भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इस सत्र में महाविद्यालय द्वारा खेल-कूद प्रतियोगिता में बहुत उल्लेखनीय प्रदर्शन किया गया जो कि इस महाविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष एवं गर्व की बात है।

1. इस सत्र में महाविद्यालय ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया जैसे – वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, कबड्डी, खो-खो, जूडो, चेस, और एथलेटिक्स में भाग लिया जिसमें सभी का बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन रहा।
2. हमारे महाविद्यालय की बॉक्सिंग टीम ने 18 से 21 नवंबर, 2023 को (राजीव गांधी मेमोरियल) महाविद्यालय, जोगिंदर नगर में भाग लिया, जिसमें दिव्यांशु, इशिता आनंद, और राजेंद्र इन तीनों ने ब्रॉन्ज मेडल लेकर इस महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
2. महाविद्यालय की (पुरुष वर्ग) खो-खो टीम का प्रदर्शन भी बहुत सराहनीय रहा। 3 से 5 अक्तूबर, 2023 को राजकीय महाविद्यालय, सुजानपुर (हमीरपुर) में इसका आयोजन किया गया|
4. महाविद्यालय की (महिला वर्ग) खो – खो टीम का प्रदर्शन भी बहुत ही उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा। यह प्रतियोगिता 10 से 14 अक्तूबर, 2023 तक राजकीय महाविद्यालय, लंबाथाच (थुनाग) में आयोजित की गई। प्रियंका शर्मा का चयन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो टीम में हुआ।

शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां:

महाविद्यालय के प्राध्यपक अध्यापन के साथ - साथ अध्ययन में भी संलग्न रहते हुए अपनी प्रतिभा को विकसित करते रहते हैं। इस सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों में विभिन्न स्थानों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए और प्रस्तोता के रूप में विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान दिए:

डॉ० गुलशन महाजन (सह-आचार्य), भौतिक विभाग:

1. इन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ़ एटॉमिक एनर्जी सिंपोजियम ऑन न्यूक्लियर फिजिक्स संगोष्ठी में "प्रॉपर्टीज ऑफ़ न्यूक्लियर मैटर एंड न्यूट्रॉन स्टार में लाइट ऑफ़ क्रैकर्स रिजल्ट एक्वेरियस एनालिसिस" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी का आयोजन आईआईटी इंदौर में दिनांक 9 से 13 दिसंबर, 2023 को हुआ था।
2. इन्होंने डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, धरमपुर द्वारा आयोजित फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "न्यू एजुकेशन पॉलिसी – 2020" में दिनांक 19 से 24 फरवरी, 2024 में भाग लिया और इसे सफलता से संपूर्ण किया।

श्रीमती रूचि नारंग (सहायक आचार्य) गणित विभाग:

1. श्रीमती रूचि नारंग ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस Advances in pure & Applied Mathematic On consecutive, "Odd Natural Number Rhotrix" शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया।
2. इनका एक शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ क्रिएटिव रिसर्च थॉट्स आई०जे०सी०आर०टी० में प्रकाशित हुआ।
3. डॉ० रूचि नारंग का शोध पत्र गणिता vol 73(2), 2023,123-139 में प्रकाशित हुआ।
4. इनका शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय QHankel - Like Rhotrices using Self Dual Basis and Conjugate Elements of Finite Field" बुलेटिन ऑफ योर एंड अप्लाइड साइंस में दिसंबर, 2022 को प्रकाशित हुआ।

डॉ० कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य) अंग्रेजी विभाग:

1. डॉ० कुलभूषण शर्मा ने दिनांक मई 12-13, 2023 को राजकीय महाविद्यालय धामी 16 मील, शिमला व English Teachers' Forum (etf), हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'Mountains in Literature, Cinema and Visual Arts' में अपना शोधपत्र "Reading the Rainbow : A Critical Study of Folk Theatre of Himachal Pradesh" प्रस्तुत किया। इस शोधपत्र के लिए इन्हें प्रोफेसर जयदेव मैमोरियल बेस्ट पेपर अवार्ड 2023 से पुरस्कृत किया गया।
2. इन्होंने दिनांक मई 20, 2023 को राजकीय महाविद्यालय जुखाला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'Environmental Concerns in the Himalayan Region' में अपना शोधपत्र "A Crusade for Survival: Ecological Concerns in SR Harnot's 'Aabhi' प्रस्तुत किया।
3. इन्होंने जून 05-06, 2023 को रबिन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, जिला मण्डी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "Environmantal Concerns, Climate Change and Resource Management in Western Himalayas on the Occasion of World Environment Day" में "Revaluing Nature: An Eco-critical Study of S. R. Harnot's The Reddening Tree" नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।
4. इन्होंने दिसम्बर 02-03, 2023 को राजकीय महाविद्यालय उना द्वारा आयोजित " Recent Trends in Post Modernism: Reappraising Literary and Cultural Episteme" नामक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ELCC 2023 में "From Margins to the Mainstream: Negotiating Dalit Consciousness in Bama's Karukku" विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।
5. इन्होंने फरवरी 02, 2024 को SAAS महाविद्यालय त्रिची द्वारा आयोजित ऑनलाइन एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "National Conference

on Contemporary Literature: Texts and Contexts" में "Twitterature: Analysing the Impact of Microblogging on Contemporary Literature" नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

6. इन्होंने गणतंत्र दिवस (जनवरी 26, 2024) के उपलक्ष्य पर SAAS, NADA Foundation, India द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य बीजवक्ता के रूप में "Tobacco: Its Risk and Role of Youth in Tobacco Control" नामक विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।
7. इन्होंने मार्च 15-16, 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग, जिला मण्डी व English Teachers' Forum (etf), हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'Exploring the Intersections: Autobiographies, Biographies and Travel Writing in Contemporary Literature" में शोधपत्र "Looking for the Rainbow: A Study of Life Narrative and Memoirs by Ruskin Bond" प्रस्तुत किया। इसमें इन्होंने कांफ्रेंस समन्वयक की भी भूमिका निभाई।
8. इन्होंने महाविद्यालय में जुलाई 03-09, 2023 को IQAC, राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा आयोजित साप्ताहिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया।
9. इसके अतिरिक्त इनके द्वारा लिखित कविता 'For Our Daughter', Cyn Fyn Enliven द्वारा प्रकाशित Daughter: An Adorable Princess नामक पुस्तक (ISBN 978-81-956448-5-8) में प्रकाशित हुई
10. डॉ. कुलभूषण शर्मा द्वारा लिखित कविता 'Infinitum, In Search of Infinity नामक पुस्तक (ISBN 978-81-962360-2-1) में प्रकाशित हुई।
11. Eternal Love' नामक कविता, J Publications (2024) द्वारा प्रकाशित Heart's Tale: An Anthology of Poems नामक पुस्तक (ISBN 978-93-340-0319-2) में प्रकाशित हुई।
12. इनकी तीन कविताएं 'Barbet on the Bank of Brook Bhakhli', 'The Clash for Consciousness' और 'In Meditation', Authorpress, New Delhi (2024) द्वारा प्रकाशित The ETF Mosaic: From Tabriz to Rumi's Soul नामक पुस्तक (ISBN 978-93-6095-615-8) में प्रकाशित हुई।

श्री पंकज गुप्ता (सहायक आचार्य) जीव विज्ञान:

1. इन्होंने (IQAC COORDINATOR) होने के नाते महाविद्यालय में सात दिवसीय "फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम" "नेक एक्रीडिटेशन और सर्विस रूल्स" विषय पर दिनांक 3 जुलाई से 8 जुलाई तक आयोजित करवाया।
2. रामानुजन कॉलेज, यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के अंतर्गत इन्होंने दिनांक 16 से 30 सितंबर, 2023 तक जूलॉजी विषय पर रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया और इसे ए ग्रेड के साथ उत्तीर्ण किया।
3. टीचिंग लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी के अंतर्गत इन्होंने एक हफ्ते के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "साइकोलॉजिकल स्किल्स फॉर टीचिंग एंड लर्निंग" में भाग लिया और इसे ए प्लस ग्रेड के साथ से दिनांक 10 से 16 अक्टूबर, 2023 तक उत्तीर्ण किया।
4. भारत स्काउट एंड गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित "प्रथम अंतर्राष्ट्रीय स्कूटर गार्डर कॉन्फ्रेंस" काठमांडू नेपाल में दिनांक 24 से 28 दिसंबर, 2023 तक भाग लिया और बतौर रोवर्स स्काउट लीडर राजकीय महाविद्यालय करसोग की ओर से प्रतिनिधित्व किया।
5. दिनांक 27 फरवरी, 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग में जोनल हॉस्पिटल मंडी के साथ आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान भी किया।

डॉ० प्रेम प्रकाश (सहायक आचार्य) अर्थशास्त्र विभाग:

1. 29 जून से 12 जुलाई, 2023 तक टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित "इकोनॉमिक्स" में दो सप्ताह का ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया ग्रेड ए+ प्राप्त किया।
2. "एमएसएमई: भारत में समावेशी विकास में इसकी भूमिका" शीर्षक आईआईएफटी इंटरनेशनल बिजनेस एंड मैनेजमेंट रिव्यू जर्नल में पेपर प्रकाशित पर किया DOI 10.1177/jiift. 231191159 PP 1-12
3. आईक्यूएसी, गवर्नमेंट कॉलेज करसोग, जिला मंडी (एचपी) द्वारा जुलाई, 2023 को NAAC पर आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रो० विद्या देवी (वणिज्य विभाग):

1. प्रो. विद्या द्वारा राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (3 जुलाई, 2023 से 9 जुलाई, 2023 तक) में NAAC Criterion : Research, innovation and Extension विषय पर प्रस्तुति दी।
2. इन्होंने रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (3 अक्तूबर, 2023 से 9 अक्तूबर, 2023) के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाग लिया।

डॉ० सावित्री देवी (सहायक आचार्या), हिंदी विभाग:

1. डॉ० सावित्री देवी ने राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (3 जुलाई, 2023 से 9 जुलाई, 2023 तक) में NAAC Criterion : Infrastructure and Learning Resources विषय पर प्रस्तुति दी।
2. इन्होंने 30, 31जुलाई, 2023 को डॉ० एन०एस०ए०एम० कॉलेज (निटटे एजुकेशन ट्रस्ट) बेंगलुरु एवं विश्व हिंदी संगठन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "संवेदनशील सरोकारों के क्रांतिधर्ममी योद्धा: प्रेमचंद" में भाग लिया।
3. इन्होंने 25 अक्तूबर से 31 अक्तूबर, 2023 को SRM Institute of Science and Technology कट्टनकलाथुर, तमिलनाडु द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (Indian Knowledge System and Research Methodology) को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
4. इन्होंने 10 जनवरी, 2024 को गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी नैक प्रत्यायित A++ संयुक्त तत्वावधान हिंदी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "वैश्विक फलक पर हिंदी: ऑस्ट्रेलिया के विशेष संदर्भ में भाग लिया।
5. इन्होंने 5 मार्च, 2024 को SRM INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY के हिंदी विभाग एवं सृजनलोक द्वारा आयोजित "हिंदी साहित्य में विविध विमर्श" राष्ट्रीय संगोष्ठी में "अपने अपने पिंजरे आत्मकथा में दलित विमर्श" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

प्रो० सोनिया चौधरी (राजनीतिक विभाग)

1. प्रो० सोनिया चौधरी ने राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा आयोजित सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (3 जुलाई, 2023 से 9 जुलाई, 2023 तक) भाग लिया।
2. इन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के पाँच दिवसीय कार्यक्रम में 18 दिसंबर से 22 दिसंबर, 2023 तक राजकीय महाविद्यालय बंजार, कुल्लू में भाग लिया।
3. 27 दिसम्बर, 2023 को इन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश में आयोजित एक दिन के बेबिनार जिसका विषय चेंज एंड ग्लोबल वार्मिंग था, में भाग लिया।
4. 15 और 16 मार्च, 2024 में राजकीय महाविद्यालय करसोग में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

प्रो० अनुपमा शर्मा (सहायक आचार्य) अंग्रेजी विभाग:

1. अनुपमा शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय जुखाला द्वारा 20 मई, 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'Environmental Concerns in the Himalayan Region' में अपना शोध-पत्र "A Crusade for Survival : Ecological Concerns in SR Harnot's 'Aabhi' प्रस्तुत किया।
2. सहायक आचार्य अनुपमा शर्मा ने रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित (18 जून से 2 जुलाई, 2023) अंग्रेजी विषय में रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
3. अनुपमा शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय करसोग, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित सात दिवसीय FDP (3 से 8 जुलाई, 2023) में भाग लिया एवं 'Institutional Values and Best Practices' विषय पर पेपर प्रस्तुत किया।
4. अनुपमा शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय आनी, हरिपुर, कुल्लू, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला 'International Faculty Development Programme on Academic Writing and Research Methodology' में 23 से 30 नवंबर तक चलने वाली कार्यशाला में भाग लिया।
5. अनुपमा शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय करसोग, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित दो दिवसीय (15-16, मार्च 2024) राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपना शोध पत्र 'Embarking on the Journey to Self Discovery: A Critical Analysis of Tehmina Durrani's Autobiography My Feudal Lord' प्रस्तुत किया।

सुनीता कुमारी (सहायक आचार्य) अंग्रेजी विभाग:

